बरेली, सोमवार
19 मार्च 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 24

दैनिक जागरण

PAGE NO.09, MIDDLE LEFT

कंधे, घुटने और जोड़ रोग के उपचार पर किया गया मंथन

जासं, बरेली : एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग व उप्र आर्थोस्कोपी एसोसिएशन की ओर से सीएमई 'नी एंड शोल्डर सिंपोजियम' का आयोजन किया। इसका शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति ने किया। सीएमई में देश के जाने माने चिकित्सकों ने कंधे, घुटने और जोड़ रोग के उपचार पर चर्चा की। बताया कि एक छोटे से चीरे के जरिये इनका इलाज संभव है। चेयरमैन देवमूर्ति ने कॉलेज में स्पोर्ट्स इंजरी एवं विशेष आर्थोस्कोपी सेंटर शुरू करने की बात भी कही। सीएमई के आयोजन सचिव डॉ. संजय गुप्ता, एम्स नई दिल्ली से आए डॉ. रवि मित्तल ने ऑपरेशन के बाद आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। केजीएमयू लखनऊ के डॉ. आशीष कुमार ने कंधे की दूरबीन से सर्जरी पर चर्चा की। स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर दिल्ली से डॉ. हिमांशु कटियार ने इन रोगों की पहचान का जिक्र किया। डॉ. विनीत जैन, आगरा से डॉ. अरुण गुप्ता, दिल्ली से डॉ. पल्लव मिश्रा ने बीमारियों की पहचान और उपचार पर व्याख्यान दिया। इंडियन आर्थोस्कोपी एसोसिशन के अध्यक्ष डॉ. प्रतीक गुप्ता ने कंधे जाम होने व दर्द के बारे में बताया। बरेली एसोसिएशन के सचिव डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. उत्कल गुप्ता, डॉ. विवेक अग्रवाल, डॉ. एसके कौशिक आदि मौजूद रहे। सिंपोजियम में चिकित्सकों के साथ करीब मेडिकल पीजी कोर्स के करीब 150 छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।